# योगी सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दी 38.49 करोड़ रुपये की सौगात

### अब ड्रेस में नजर आएंगी आंगनबाड़ी कार्यकत्री, 29.59 करोड़ रुपये की धनराशि स्थानांतरित

**मुहम्मद जान तुर्की**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को अनेक सौगातें दीं। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सशक्त और सुरक्षित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए डीबीटी के माध्यम से कुल 38.49 करोड़ रुपये की धनराशि सीधे स्थानांतरित की गई। सीएम योगी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का मानदेय बढ़ाने का भी वादा किया। प्रदेश सरकार अपनी योजनाओं और नीतियों के माध्यम से महिलाओं के सशक्तीकरण, सम्मान और स्वावलंबन के लिए लगातार काम कर रही है।

प्रदेश सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को साड़ी/यूनिफॉर्म के लिए डीबीटी के माध्यम से 29.59 करोड़ रुपये की धनराशि स्थानांतरित की। सीएम योगी ने मंच पर नेहा दुबे, मानसी साहू, पूनम तिवारी, मनोरमा मिश्रा को साड़ी प्रदान की। सेवा मित्र आकांक्षा (ब्यूटीशियन) और रत्ना भारती को यूनिफॉर्म प्रदान किया। महिला सशक्तीकरण के तहत यह बड़ी पहल है, जिसका उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें कार्यस्थल पर एक विशिष्ट पहचान प्रदान करना है। लखनऊ के रानीगंज की निवासी आंगनबाड़ी कार्यकत्री मानसी साहू ने कहा- ' 'मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिला दिवस पर हम लोगों के लिए साड़ी/यूनिफॉर्म की व्यवस्था की है। हम उनके इस फैसले से बहुत प्रसन्न हैं। आंगनबाड़ी कार्यकत्री और सहायिका इस बात से उत्साहित हैं कि योगी सरकार उनका मानदेय बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के प्रति सम्मान और उनके योगदान की सराहना के रूप में योगी सरकार ने उन्हें साड़ी/यूनिफॉर्म का उपहार प्रदान किया। यह पहल न केवल उनके कार्य के प्रति सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाती है, बल्कि आंगनबाड़ी केंद्रों की गरिमा और एकरूपता को भी मजबूत करती है। साड़ी/यूनिफॉर्म मिलने से कार्यकत्रियों में आत्मविश्वास और उत्साह का संचार हुआ है।



आंगनबाड़ी सहायिका पूनम तिवारी सरकार की इस सौगात से काफी खुश नजर आईं। उन्होंने सरकार की सराहना करते हुए कहा कि पहले की सरकारें हम लोगों के बारे में बिल्कुल नहीं सोचती थीं। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बीमा प्रीमियम की धनराशि स्थानांतरित' योगी सरकार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बीमा प्रीमियम की 8.90 करोड़ रुपये की धनराशि स्थानातंरित की गई। इसके द्वारा सरकार का उद्देश्य कार्यकत्रियों को आर्थिक सुरक्षा और आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करना है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, मिनी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को सामाजिक सुरक्षा देने के लिए उन्हें प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से जोड़ा गया है। 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग की पात्र कार्यकत्रियों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत किसी भी कारण से मृत्यु होने पर 2 लाख रुपये का जीवन बीमा कवर मिलता है, जिसका वार्षिक प्रीमियम 436 रुपये है। वहीं 18 से 59 वर्ष आयु वर्ग की पात्र कार्यकत्रियों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत दुर्घटना में मृत्यु या पूर्ण स्थायी विकलांगता होने पर 2 लाख रुपये तथा आंशिक स्थायी विकलांगता पर 1 लाख रुपये का बीमा कवर मिलता है, जिसका वार्षिक प्रीमियम 20 रुपये है। इन योजनाओं के तहत पात्र लाभार्थियों का प्रीमियम डीबीटी के माध्यम से सीधे भुगतान किया जाता है।

# शिक्षित महिलाएं आज हर क्षेत्र में बढ़ रही आगे: डा. कमर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मौलाना आज़ाद मेमोरियल अकादमी लखनऊ की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अकादमी के लाइब्रेरी हॉल, औरंगाबाद खालसा, बिजनौर रोड, लखनऊ में 'महिलाओं की भागीदारी के बिना विकसित भारत का सपना अधूरा' विषय पर एक शैक्षिक एवं वैचारिक संगोष्ठी आयोजित की गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि आई.टी.आर.सी. की पूर्व डिप्टी डायरेक्टर डॉ. कमर रहमान ने कहा कि किसी भी देश की प्रगति का अनुमान वहां की महिलाओं की शैक्षिक, सामाजिक और आर्थिक स्थिति को देखकर लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की शिक्षा अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि शिक्षित महिलाएं ही समाज को प्रगति की दिशा में आगे बढ़ाती हैं। पुलिस इंटेलिजेंस विभाग की अधिकारी रीचा गौतमी ने अपने संबोधन में समाज सुधारकों की शैक्षिक सेवाओं को याद करते हुए कहा कि उन्होंने कठिन संघर्ष के माध्यम से वंचित और पिछड़े समाज तक शिक्षा पहुंचाने का महान कार्य किया। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें फातिमा शेख जैसे साथियों का सहयोग न मिला होता तो यह आंदोलन इतना प्रभावी नहीं बन पाता। पुलिस विभाग की विदुषी विशाखा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं को शिक्षा के साथ-साथ साहसी और आत्मविश्वासी बनाना भी समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। पूर्व सीडीपीओ मंजू वर्मा ने कहा कि परिवार और समाज की प्रगति पुरुष और महिला दोनों के आपसी सहयोग से ही संभव है। इस अवसर पर डॉ. गीतांजलि, प्रो. डॉ. सफिया लोखंडे और डॉ. मनीराम सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि आधुनिक समय में महिलाओं की शिक्षा, आत्मविश्वास और सामाजिक जागरूकता देश की प्रगति और समृद्धि के लिए अत्यंत आवश्यक है। संगोष्ठी में स्टेट तकमील-उत-तिब कॉलेज के नूर हसन, रम्शा अफरोज, तारिक बिलाल, मोहम्मद फरकान, तमन्ना, आसिया और फैज अली ने भी इस महत्वपूर्ण विषय पर अपने विचार और अनुभव प्रस्तुत किए। अकादमी के महासचिव डॉ. अब्दुल कुद्दूस हाशमी ने कहा कि इस संगोष्ठी का उद्देश्य समाज में महिलाओं की सकारात्मक भूमिका को उजागर करना, नई पीढ़ी को शिक्षा और जागरूकता के महत्व से परिचित कराना तथा राष्ट्रीय विकास में महिलाओं की भागीदारी की आवश्यकता को रेखांकित करना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शैक्षिक कार्यक्रम समाज में सकारात्मक सोच और आपसी सहयोग को बढ़ावा देते हैं।

### नहर के किनारे फांसी से लटकती मिली विवाहिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश में सुलतानपुर जिले के थाना कूरेभार में एक महिला ने नहर के किनारे पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली हैं। बल्दीराय क्षेत्राधिकारी आशुतोष कुमार ने बताया कि रविवार को सुबह कूरेभार थाने को सूचना प्राप्त हुई कि मुंजेश नगर चौराहे के पास नहर किनारे एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पाया कि एक महिला अपनी ही साड़ी से फंदा लगाकर लटकी हुई है, जिसका आधा शरीर नहर के पानी के नीचे तथा आधा शरीर उसके ऊपर है। प्रथम दृष्टया शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं है। पुलिस को पूछताछ में पता चला है कि लगभग 26 वर्षीय महिला थाना बीकापुर जिला अयोध्या की मूल निवासी है।

# धार्मिक स्थलों तथा कटरा बिल्हौर मार्ग को जोड़ने मार्ग जन प्रतिनिधियों की उपेक्षा का शिकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बांगरमऊ (उन्नाव)।** जन प्रतिनिधियों की संवेदनहीनता के चलते आजादी के 78 वर्ष बीत जाने के बावजूद जिले के प्रथम सांसद एवं महान क्रांतिकारी पंडित विश्वम्भर दयालु त्रिपाठी के पैतृक निवास समेत कई प्रमुख धार्मिक स्थलों तथा कटरा बिल्हौर मार्ग को जोड़ने वाला मार्ग कच्चे गलियारे के रूप में बरकरार है।

समाज सेवियों और सम्भ्रान्त नागरिकों ने इस मार्ग के निर्माण हेतु जनप्रतिनिधियों और आलाअधिकारियों को सैकड़ों बार प्रार्थना पत्र सौपे। लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात ही साबित हुआ। जनप्रतिनिधियों की बेरुखी से आहत संभ्रांत नागरिक अब धरना प्रदर्शन का मन बना रहे हैं। नगर के पश्चिमी छोर पर स्थित नई पानी की टंकी से लेकर बिल्हौर- कटरा बाईपास मार्ग तक जाने वाले कच्चे गलियारे की लंबाई लगभग 300 मीटर और चौड़ाई करीब 10 मीटर है। इसके अलावा पौराणिक बाबा बोधेश्वर मंदिर, शीतला देवी मंदिर, ईदगाह तथा रोडवेज बस अढे तक जाने हेतु अधिकांश नागरिकों के लिए यही एकमात्र कच्चा गलियारा है। बरसात का मौसम तो छोड़िए जनाब! आम दिनों में भी इस रास्ते पर तालाब का नजारा दिखता है। कीचड़ युक्त पानी से लबालब इस गलियारे से गुजर कर धार्मिक स्थलों तक जाना यहां के नागरिकों की मजबूरी बन गई है। इस कच्चे गलियारे के निर्माण हेतु सैकड़ों बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को प्रार्थना पत्र सौंपे जा चुके हैं। किंतु संवेदनहीन अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। अपने को विकास पुरुष बताने वाले जनप्रतिनिधि भी यहां पर निष्प्रयोज्य साबित हुए। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की बेरुखी से हताश प्रमुख समाजसेवी रामपाल यादव एडवोकेट केशव अग्निहोत्री, चंद्रकांति मोहम्मद ईशान, आशीष कुमार, सभासद सलमान अहमद, पूर्व सभासद शकील खान, सभासद इसरार आदि ने पालिका प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि इस मार्ग का निर्माण अतिशीघ्र न कराया गया तो वे लोग नागरिकों के साथ मिलकर धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगे।

# भारतीय बारी समाज के होली मिलन समारोह में दिखा उत्साह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारतीय बारी समाज ने रविवार को विधानसभा दाखलसफा लखनऊ में होली मिलन समारोह का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। के जिसमें भारतीय समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेन्द्रध कुमार रावत तथा प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह बारी, में हर्षोल्लास से होली मिलन समारोह मनाया गया जिसमें देश व प्रदेश के बारी समाज के लोग उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का संचालन कामता प्रसाद बारी बांदा के द्वारा किया गया। समारोह में तमाम वक्ताओं द्वारा अपने विचार रखे गये तथा बारी समाज को आगे बढ़ाने के बारे में विचार-विमर्श किया गया। समारोह की अध्यक्षता राजेंद्र प्रसाद मुख्य अतिथि बिजेंद्र बारी,संचालन कमाता प्रसाद, ने किया, इस मौके जय राम बारी, शिव प्रताप, प्रदीप बारी, कृष्ण कुमरावत, मनीषा बारी, मोनी बारी, सुशील बारी चेयर मैंन,सुमित बारी, अतुल बारी, आदित्य बारी, शिव कुमार,समीर बारी, विकास रावत,गिरजा शंकर , शिव कुमार, अतुल बारी, राजेन्द्र बारी, दिनेश बारी, अजय आर्य बारी, शम्भू बारी, प्रदीप बारी, मनोज बारी, बृजकिशोर बारी, आदित्य बारी, राजेश बारी, रंजीत बारी, अजीत बारी, लक्ष्मी बारी, मोनी वर्मा, हरी ओम, राजेश बारी,सुधा बारी, सावित्री बारी, आदि लोग मौजूद रहे।

### गाजीपुर में होली विवाद में गोली चलने से एक की मौत

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश में गाजीपुर जिले के करंडा थाना क्षेत्र में होली के दिन रंग खेलने को लेकर हुए विवाद में रविवार को एक व्यक्ति की गोली लगने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, चाडीपुर गांव में बच्चों द्वारा रंग डालने को लेकर दो समुदायों के बीच विवाद हुआ था। दो दिन बाद वही विवाद फिर से हिसक रूप ले लिया। आरोप है कि विवाद के दौरान एक युवक ने लाइसेंसी बंदूक से आसमुहम्मद (55) को सीने में गोली मार दी। उन्हें गंभीर स्थिति में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गोलीकांड के बाद गांव में तनाव की स्थिति के मद्देनजर पुलिस ने अतिरिक्त बल तैनात किया है।

# महिलाओं का योगदान राष्ट्र की ताकत उनका सम्मान हमारी जिम्मेदारी: जयवीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने महिलाओं के सम्मान में एक खास पहल की। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) द्वारा संचालित शलखनऊ दर्शनश डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस में महिलाओं के लिए विशेष सैर का आयोजन किया गया। इस विशेष यात्रा में 60 से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया। डॉक्टर, उद्यमी, प्राचार्य, सामाजिक कार्यकर्ता, इंजीनियर से लेकर गृहणियों तक, समाज के अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़ी महिलाएं इस खास सफर का हिस्सा बनीं। शनारी शक्तिश ने रोजमर्रा की व्यस्त जिंदगी से इतर लखनऊ को एक नए अंदाज में देखा। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि श्यूपीएसटीडीसी की शलखनऊ दर्शनश बस सेवा अब सिर्फ पर्यटन तक सीमित नहीं रह गई है।




यह धीरे-धीरे ऐसा मंच बनती जा रही है जहां पर्यटन के साथ समाज जुड़ रहा है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर यह पहल आधी आबादी को 'शक्ति, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण' का संदेश देती है। इस विशेष टूर के माध्यम से महिलाओं को उनके व्यस्त दिनचर्या से कुछ पल सुकून के देने का प्रयास किया गया, जो प्रतिदिन समाज सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर लखनऊ में महिलाओं के लिए आयोजित शलखनऊ दर्शनश यात्रा यादगार बन गई। रविवार सुबह 08रू30 बजे बस रवाना हुई, जो दोपहर 12 बजे भ्रमण के पश्चात गंतव्य पर लौट आई। इस दौरान अलग-अलग आयु वर्ग की महिलाओं ने डबल डेकर बस की ऊपरी मंजिल से शहर के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों को करीब से देखा। विधानसभा जाना और मुख्य सदन को देखना उनके लिए अविस्मरणीय रहा।

रेजीडेंसी सहित अन्य स्थलों की सैर ने इतिहास से रूबरू कराया। यात्रा के दौरान गाइड ने यात्रियों को 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की महान योद्धा ऊदा देवी के वीरता की कहानी सुनाई। उन्होंने किस तरह अंतिम सांस तक अंग्रेजी सैनिकों से लोहा लिया। महिलाओं ने बताया कि रोजमर्रा की जिंदगी में जिन स्थानों के सामने से वे अक्सर गुजर जाती थीं, आज उन्हें ठहरकर देखने-समझने का मौका मिला।विशेष भ्रमण का हिस्सा रहीं डॉ. अनन्या शर्मा ने कहा कि डॉक्टर होने के नाते उनका अधिकांश समय अस्पताल की जिम्मेदारियों में बीत जाता है। इस यात्रा ने उन्हें अपने लिए कुछ पल निकालने और अपने ही शहर की खूबसूरती को करीब से देखने का अवसर दिया।

उन्होंने कहा कि इस दौरान उन्हें मरीजों के साथ डॉक्टर की भूमिका से हटकर परिवार की तरह समय बिताने का भी मौका मिला।श इस यात्रा में शामिल मरीज कविता सिंह ने कहा कि शलंबे समय तक अस्पताल की चारदीवारी के भीतर रहना कई बार अकेलापन महसूस कराता है, लेकिन आज शलखनऊ दर्शनश बस के जरिए अपने ही शहर को देखने का विशिष्ट अनुभव मिला। इस यात्रा ने उन्हें नई उम्मीद दी। पूरे सफर के दौरान बस में मौजूद गाइड ने यात्रियों को लखनऊ के इतिहास, स्थापत्य कला और समृद्ध संस्कृति से जुड़ी दिलचस्प जानकारियां दीं। एएमयू एसोसिएशन की महासचिव शाला हक़ ने भी लखनऊ दर्शन यात्रा को यादगार बताया। उन्होंने कहा कि शआमतौर पर वे बच्चों के लिए पिकनिक का आयोजन करती हैं, लेकिन खुद के लिए ऐसा अवसर कम ही मिल पाता है। इस विशेष यात्रा के दौरान उन्हें गाइड ने शहर के इतिहास और विशिष्ट स्थलों से जुड़ी कई दिलचस्प जानकारियां साझा कीं, जिनके बारे में वे पहले नहीं जानती थीं।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित इस विशेष शलखनऊ दर्शनश टूर में स्वास्थ्य सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा गया। यह टूर मैक्स हेल्थकेयर के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें उनके डॉक्टर और नर्स पूरी यात्रा के दौरान प्रतिभागियों के साथ मौजूद रहे।

# बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बांगरमऊ (उन्नाव)।** क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर रूरी स्थित श्री विश्वंभर दयालु त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय मे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-शक्ति' के सात दिवसीय कैम्प के द्वितीय दिवस के अवसर स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम मटुकरी मे 'बेटी पढ़ाओं, बेटी बचाओ' के मूल उद्देश्य को सार्थक सिद्ध करने के संकल्प के साथ शिक्षा जन-जाग्रती रैली निकालकर ग्रामीण महिलाओं को शिक्षा के लिए प्रेरित किया।

साथ ही स्वयंसेवकों ने ग्रामीण स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के लिए भी घर-घर जाकर जागरूक किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका डॉ. नवनीत कौर ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का आधार है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को महिलाओं के सम्मान और समानता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. अरविन्द कुमार एवं संयोजक अमित कुमार प्रजापति व छात्र-छात्राओं ने भी महिला अधिकार, शिक्षा और आत्मनिर्भरता के महत्व पर अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं की शिक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित कर ही समाज को सशक्त बनाया जा सकता है।




कार्यक्रम में ग्राम प्रधान आई. आर. साहिल, महाविद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका डॉ. नवनीत कौर, डॉ. अरविन्द कुमार एवं संयोजक श्री अमित कुमार प्रजापति ने उपस्थित रहकर सभी को प्रोत्साहित किया।

# दबंगों का कहर, लाठी-डंडों से मां-बेटे को किया लहूलुहान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** जिले के कोतवाली निघासन क्षेत्र की झंडी चौकी के अंतर्गत ग्राम पंचायत लालपुर के मझली पुरवा गांव में दबंगों की दबंगई का सनसनीखेज मामला सामने आया है।

पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने एक युवक पर अचानक हमला बोल दिया और बीच-बचाव करने आई उसकी मां को भी लाठी-डंडों व धारदार हथियार से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार 06 मार्च 2026 को सुबह करीब 7 बजे रानी देवी का पुत्र संदीप कुमार गांव की किराना दुकान पर सामान लेने जा रहा था। तभी पहले से घात लगाए बैठे विपक्षी बालकराम, अच्छे लाल, जगदीश, नीरज और अंकित ने उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में संदीप बुरी तरह घायल हो गया। चीख-पुकार सुनकर जब परिजन मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव करने लगे, तभी आरोप है कि दबंगों ने धारदार हथियार निकालकर रानी देवी के सिर पर वार कर दिया। इस हमले में रानी देवी लहूलुहान होकर गिर पड़ीं और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमलावरों ने मारपीट के दौरान रानी देवी के गले से लगभग 20 हजार रुपये कीमत का सोने का मंगलसूत्र भी छीन लिया। किसी तरह जान बचाकर पीड़ित परिवार झंडी चौकी पहुंचा और चौकी इंचार्ज को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई, लेकिन आरोप है कि चौकी इंचार्ज ने मौके पर जाकर घटना का जायजा तक नहीं लिया। इतना ही नहीं, जब पीड़ित परिवार न्याय की उम्मीद लेकर निघासन थाने पहुंचा तो वहां भी पुलिसकर्मियों पर 10 हजार रुपये मांगने का गंभीर आरोप लगाया गया है। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या खुलेआम दबंगई कर रहे आरोपियों पर कार्रवाई होगी या फिर गरीब और पीड़ित परिवार यूं ही न्याय के लिए दर-दर भटकता रहेगा।

# एसकेडी एकेडमी में विश्व महिला दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** विश्व महिला दिवस के अवसर पर एसकेडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के अंतर्गत संचालित एसकेडी एकेडमी एवं एसकेडी इंटरनेशनल स्कूल की सभी शाखाओं में महिला दिवस को बड़े उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में महिलाओं की उपलब्धियों, उनकी शक्ति और अमूल्य योगदान को सम्मानित करना तथा विद्यार्थियों को समानता, सम्मान और सशक्तिकरण के मूल्यों के प्रति प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने प्रेरणादायक भाषण, कविताएं और प्रस्तुतियों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के महत्व को रेखांकित किया। इस सभा के माध्यम से एक प्रगतिशील और समावेशी समाज के निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर किया गया। इस अवसर पर मनीष सिंह, निदेशक, एसकेडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन ने सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा, हमहिला दिवस के अवसर पर हम महिलाओं की अदम्य शक्ति और उनके अटूट संकल्प को नमन करते हैं। समाज और राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान अतुलनीय है। परिवार के पोषण से लेकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने तक, महिलाओं ने हर क्षेत्र में बाधाओं को तोड़ा है और निरंतर सभी के लिए प्रेरणा बनी हुई हैं।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# हर दिन महिलाओं की गरिमा व सुरक्षा सुनिश्चित हो: राज्यपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि महिलाओं का सम्मान और सुरक्षा केवल एक दिन तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि समाज में हर दिन महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। रविवार को प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा और मार्गदर्शन में जन भवन में किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय की एमबीबीएस और बीडीएस की 120 छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए निष्शुल्क एचपीवी वैक्सीन की पहली डोज लगाई गई।



इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े संस्थानों और चिकित्सकों की समाज के प्रति विशेष जिम्मेदारी होती है, क्योंकि उनका सीधा संबंध मरीजों के जीवन से होता है। राज्यपाल ने कहा कि डाक्टर का मरीज के प्रति संवेदनशील व्यवहार भी उपचार का महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। यदि चिकित्सक मरीज और उसके परिजनों से सहानुभूति के साथ संवाद करते हैं तो इससे मरीज के शीघ्र स्वस्थ होने में मदद मिलती है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे अपने शिक्षकों और वरिष्ठ चिकित्सकों से प्रेरणा लेकर चिकित्सा सेवा में मानवीय मूल्यों को अपनाएं। उन्होंने बताया कि एचपीवी टीकाकरण की शुरुआत तीन वर्ष पहले जन भवन से की गई थी और अब कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के सहयोग से प्रदेश में इसे व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है। हाल ही में जन भवन और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, पुणे के बीच हुए समझौते के तहत प्रदेश के आठ आकांक्षी जिलों में तीन लाख निष्शुल्क वैक्सीन डोज उपलब्ध कराई जा रही हैं। राज्यपाल ने बताया कि पुलिस कर्मियों की बेटियों के लिए भी एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है, जिसकी शुरुआत लखनऊ से हुई और अब यह प्रदेश के कई जनपदों तक पहुंच चुका है।

## महिला दिवस पर 14 महिलाओं सहित बालिकाओं को वामा सारथी ने किया सम्मानित

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन वामा सारथी की ओर से यूपी पुलिस के अराजपत्रित कर्मियों के परिवार की उन 14 महिलाओं और बालिकाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर समाज के लिए प्रेरणा प्रस्तुत की है।

रविवार को वामा सारथी कार्यालय, लखनऊ में आयोजित विशेष सम्मान समारोह में सम्मान के लिए प्रदेश के सभी जनपदों से ऑनलाइन नामांकन मांगे गए थे, जिनमें कुल 530 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। वामा सारथी की स्क्रीनिंग समिति द्वारा 14 महिलाओं और बालिकाओं का चयन किया गया था। उन्होंने कहा कि इनकी उपलब्धियां केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं हैं, बल्कि समाज की हर बेटी, मां और महिला के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने बताया कि यह सम्मान समारोह अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 की थीम 'Give To Gain' यानी 'देने में ही पाना है' से प्रेरित है। इस थीम का संदेश है कि जब महिलाओं को ज्ञान, अवसर, सहयोग और सम्मान दिया जाता है तो उससे न केवल वे स्वयं सशक्त होती हैं बल्कि पूरा समाज समृद्ध होता है। समारोह में शामली की मोटर व्लॉगर एवं डिजिटल क्रिएटर स्वाति रोझा, महराजगंज की उद्यमी खुशबू सिंह, बुलंदशहर की संस्कृत प्रचारक बहनें अपूर्वा और अपूर्वी, बीएसएफ एयर विंग की अधिकारी भावना चौधरी, अंतर्राष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी श्रेया सिंह, अंतर्राष्ट्रीय चित्रकार डा. नेहा सिंह, वैज्ञानिक डा. पद्मिनी मिश्रा, सामाजिक कार्यकर्ता साधना, चिकित्सक डा. निरिमा गौतम, साहित्यकार आकांक्षा प्रजापति, विज्ञान प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली निगहत, तथा अंगदान के लिए साहसिक निर्णय लेने वाली हेमलता यादव और दीप्ति यादव को सम्मानित किया गया।

# आम के पेड़ पर लटका मिला किसान का शव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश में हरदोई जिले के पाली थाना क्षेत्र के ग्राम निजामपुर में रविवार सुबह एक किसान का शव आम के पेड़ से फंदे पर लटका मिलने से गांव में हड़कंप मच गया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम निजामपुर निवासी हरीराम (55) पुत्र ठकुरी रविवार सुबह करीब पांच बजे घर से निकले थे। कुछ समय बाद करीब आठ बजे गांव के दक्षिण-पूर्व दिशा में स्थित एक बाग में आम के पेड़ पर उनका शव फंदे से लटका मिला।

घटना की खबर फैलते ही परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। बताया गया कि हरीराम चार भाइयों में सबसे बड़े थे। उनके छोटे भाई अशोक, कमलेश और सतीश हैं। मृतक के परिवार में पांच बच्चे हैं, जिनमें तीन पुत्र सुभाष (विकलांग), राजीव और संजीव तथा दो पुत्रियां शामिल हैं। परिजनों के अनुसार संजीव की शादी तय हो चुकी थी और गेहूं की फसल पकने के बाद विवाह की तैयारी की जा रही थी। हरीराम खेती-बाड़ी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। ग्रामीणों के अनुसार घरेलू विवाद के चलते आत्महत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलने पर पाली थाने के उपनिरीक्षक अतुल शर्मा और कांस्टेबल नरेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### सुलतानपुर में गोलीकांड के तीन और आरोपी गिरफ्तार

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले के कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत जनऊपुर गांव में बच्चों के विवाद के चलते हुए झगड़े में गोली लगने से एक व्यक्ति की मौत के मामले में पुलिस ने नामजद पांच आरोपियों में से तीन को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी दीपक सोनकर को घटना के कुछ घंटे में ही धोपाप से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्तों में रामकुमार उर्फ रामस्वारथ (जनऊपुर) और अमर सोनकर उर्फ रोलू (राजापट्टी लोटिया, धोपाप) शामिल हैं, जिन्हें शनिवार को ग्राम अभियाखुर्द भट्टे के पास मोटरसाइकिल के साथ पकड़ा गया। वहीं, वीरेन्द्र प्रसाद सोनकर (जनऊपुर) को घटना में प्रयुक्त डण्डा के साथ हिरासत में लेकर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया और जेल भेज दिया।

# नारी शक्ति के बिना संसार की कल्पना असंभव: संदीप सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि नारी शक्ति के बिना संसार की कल्पना असंभव है और आज बेटियां शिक्षा, खेल, विज्ञान और प्रशासन सहित हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने भारतीय संस्कृति के श्लोक ष्यत्र नार्यस्तु पूज्यंते, रमंते तत्र देवताष का उल्लेख करते हुए कहा कि जहां महिलाओं का सम्मान होता है, वहां देवताओं का वास होता है।



रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर दयाल गेटवे (आडिटोरियम) किसान बाजार, गोमतीनगर में 'प्रगति: आत्मसम्मान से समानता तक बाल उत्सव' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं के आत्मसम्मान, समानता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा तैयार की गई कॉमिक पुस्तकों, मीना मंच की पूर्व बालिकाओं की प्रेरक सफलता कहानियों और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों से संबंधित केस स्टडी बुकलेट का विमोचन किया गया। आने सम्बोधन में मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को चरणबद्ध तरीके से 12वीं कक्षा तक उच्चीकृत किया जा रहा है और 826 विकास खंडों में नए विद्यालय स्थापित किए जाएंगे। अपर मुख्य सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कहा कि पिछले दो दशकों में उत्तर प्रदेश में बालिकाओं की शिक्षा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि अब आवश्यकता है कि बालिकाओं की भागीदारी विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित (स्टेम) जैसे विषयों में भी और अधिक बढ़ाई जाए, ताकि वे भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा मो. निका रानी ने कहा कि मीना मंच और अन्य शैक्षिक पहलों के माध्यम से बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और सामाजिक जागरूकता का विकास हो रहा है। उन्होंने छात्राओं को मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने, तकनीक का सकारात्मक उपयोग करने और अनुशासन के साथ अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया। यूनिसेफ उत्तर प्रदेश के प्रमुख जचार्य एडम ने कहा कि 'प्रगति' कार्यक्रम बालिकाओं की क्षमता, रचनात्मकता और नेतृत्व का उत्सव है। उन्होंने कहा कि समावेशी और लैंगिक संवेदनशील शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए यूनिसेफ उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर कार्य कर रहा है। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से लगभग 850 छात्र-छात्राएं, शिक्षक और अभिभावक शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल पर शिक्षण सामग्री, रचनात्मक गतिविधियों, नेतृत्व विकास और करियर परामर्श से जुड़े 23 विषयगत स्टॉल भी लगाए गए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### 249 केन्द्रों पर होगा उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिशद द्वारा आयोजित कराई गई बोर्ड परीक्षा-2026 की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन के लिए कुल 249 केन्द्र बनाये गये है। 18 मार्च से प्रारंभ होने वाले इस कार्य के संपादन को गोपनीय और पारदर्शी बनाए रखने के कडे दिशा निर्देश जारी किए गये हैं। परिषद सचिव भगवती सिंह ने बताया कि उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन को लेकर बोर्ड ने तैयारी तेज कर दी है। प्रदेश भर के 1.40 लाख से ज्यादा शिक्षक कॉपियों का मूल्यांकन करेंगे। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा 12 मार्च को समाप्त होगी।उत्तर पुस्तिकाओं की गोपनीयता बनाए रखना अनिवार्य होगा। किसी भी स्तर पर मौखिक, लिखित, डिजिटल या इलेक्ट्रॉनिक माधयम से उत्तर पुस्तिका अथवा मूल्यांकन से संबंधित किसी भी सूचना को साझा करना पूरी तरह प्रतिबंधित है। गोपनीयता भंग होने की स्थिति में संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होने बताया कि उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया के जरिये परीक्षकों की नियुक्ति होगी। आवश्यकता पड़ने पर मूल्यांकन केंद्रों के उप नियंत्रक परिषद के पोर्टल पर उपलब्धा प्रतीक्षा सूची से भी परीक्षकों की ऑनलाइन नियुक्ति की जा सकेगी। परीक्षा केंद्रों के स्ट्रॉन्ग रूम की तरह ही कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से मूल्यांकन केंद्रों की भी लगातार निगरानी की जाएगी।

### निशांत कुमार के जदयू का सदस्य बनने पर उप्र में भी खुशी की लहर

**लखनऊ।** जनता दल यूनाइटेड के सर्वमान्य नेता, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय नीतीश कुमार जी के सुपुत्र युवा नेता निशांत कुमार जी के जनता दल यूनाइटेड की सदस्यता ग्रहण करने पर जनता दल यूनाइटेड उत्तर प्रदेश के प्रदेश कार्यालय पर धूम धाम के साथ जश्न मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने अपने संदेश में निशांत कुमार के पार्टी से जुड़ने का स्वागत करते हुए कहा कि उनके इस निर्णय से पार्टी के कार्यकर्ताओं के अन्दर जबरदस्त उत्साह और जोश है और चारों तरफ खुशी की लहर है क्योंकि बहुत दिनों से पार्टी के जिम्मेदार नेताओं की यह मांग थी कि निशांत कुमार पार्टी से जुड़ें। आज उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ताओं में भी जबरदस्त उत्साह है और इसीलिए पार्टी कार्यालय पर जश्न मनाया गया।इस अवसर पर निशांत कुमार के चित्र के सामने मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश महासचिव भैया हरिशंकर जी पटेल, प्रदेश महासचिव सुभाष पाठक, हरि किशोर उत्तम, प्रदेश कोषाध्यक्ष अमर सिंह कटियार, प्रदेश प्रवक्ता प्रो के के त्रिपाठी, कुंवर अजय सिंह, प्रदेश कार्यालय प्रभारी ओमप्रकाश वर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष नंदन, प्रदेश सचिव ओमप्रकाश गुप्ता किध्कर , प्रदेश सचिव जितेंद्र प्रताप सिंह, प्रदेश सचिव निसार खान,लखनऊ जिला अध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव, लखनऊ जिला महासचिव तेज कुमार सरना लखनऊ महानगर अध्यक्ष मंजर अब्बास,बरिष्ठ नेता डॉ जितेन्द्र सिंह सचान, संदीप वर्मा ,मुसाफिर सिंह, बृजभूषण सिंह, सी एल वर्मा, राकेश सिंह, फूल चन्द्र आर्या, किरन द्विवेदी, ऋषभ सिंह रावत सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर लखनऊ के लोकप्रिय चिकित्सक और आनन्द नर्सिंग होम के मालिक डॉ आनन्द वर्मा ने पार्टी की विचारधारा और नीतीश कुमार की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया और पार्टी संगठन को मजबूत एवं सक्रिय करने का संकल्प लिया।

### इटावा में रिश्ते के जीजा ने की नाबालिग साली की हत्या

**इटावा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के दिन उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के कोतवाली क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक युवक ने अपनी रिश्ते की नाबालिग साली की ईंट से कुचलकर और धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सैफई थाना क्षेत्र के नगला सुभान गांव निवासी सुनैना (16) कक्षा 11 की छात्रा थी और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में पढ़ती थी। बताया जा रहा है कि चार मार्च को होली के दिन उसका रिश्ते का जीजा विजय उसे अपने साथ लेकर दिल्ली चला गया था। दोनों के बीच प्रेम संबंध बताए जा रहे हैं। परिजनों का आरोप है कि दिल्ली में एक मंदिर में विजय ने सुनैना से शादी कर ली थी। इस संबंध में फोटो और वीडियो भी परिजनों को भेजे गए थे। शादी की जानकारी मिलने के बाद सुनैना की मां ने उससे फोन पर बात कर घर लौटने के लिए कहा। इसके बाद विजय उसे लेकर वापस इटावा आ गया। पुलिस के अनुसार इटावा के कोतवाली क्षेत्र में विजय ने सुनैना की ईंट से सिर कुचलकर और धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी खुद कोतवाली पहुंचा और पुलिस को घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। मृतका के पिता रघुराज सिंह ने बताया कि 4 मार्च को विजय उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था और दिल्ली में उससे शादी कर ली। बाद में जब उनकी बेटी वापस आई तो उसकी हत्या कर दी गई। मृतका के भाई शिवम का कहना है कि आरोपी विजय पहले भी करीब पांच साल पहले उनकी मौसी की बेटी निशा को भगा कर शादी कर चुका है, जिससे उसका एक बेटा भी है। विजय हलवाई का काम करता था। घटना के बाद पुलिस ने शव को डा. भीमराव अंबेडकर राजकीय संयुक्त चिकित्सालय भेज दिया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक यशवंत सिंह ने बताया कि आरोपी विजय ने खुद थाने पहुंचकर घटना की जानकारी दी है।

### निशांत कुमार के जदयू से जुड़ने पर लखनऊ में जश्न, कार्यकर्ताओं में उत्साह

**लखनऊ।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार के रविवार को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने पर लखनऊ में भी जदयू कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल देखा गया। इस मौके पर जदयू के प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने निशांत कुमार के पार्टी से जुड़ने का स्वागत करते हुए कहा कि उनके इस निर्णय से कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और ऊर्जा आई है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं की मांग थी।

# 2027 में 325 से अधिक सीटें जीतकर फिर सरकार बनाएगी भाजपा: केशव मौर्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में 2017 का रिकॉर्ड तोड़ते हुए 325 से अधिक सीटें जीतकर प्रदेश में फिर सरकार बनाएगी। रविवार को सरस महोत्सव के तहत बाबूसिंह डिग्री कॉलेज, सयारा-कौशांबी के मैदान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को 2047 तक सत्ता मिलने वाली नहीं है।



उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में अब तुष्टिकरण और जातिवाद के आधार पर राजनीति सफल नहीं होगी। श्री मौर्य ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' के सिद्धांत पर काम कर रही है और बिना किसी भेदभाव के गरीब परिवारों को आवास समेत विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से एक करोड़ महिलाएं जुड़ी हैं और भविष्य में तीन करोड़ महिलाओं को इससे जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से लाखों परिवारों की आय बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा सरकार किसानों के हित में कार्य कर रही है।

# अप्रैल में ही कोटेदारों तक पहुंचेगा जून तक का राशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखीमपुर/खीरी।** उत्तर प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत कोटेदारों को अब एक साथ तीन महीने का राशन उपलब्ध कराया जाएगा। खाद्य विभाग ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि अप्रैल माह में ही अप्रैल, मई और जून 2026 तक का राशन कोटेदारों तक पहुंचा दिया जाएगा। यह निर्णय आगामी गेहूं खरीद और भंडारण की संभावित समस्या को देखते हुए लिया गया है,

ताकि सरकारी गोदामों में जगह की कमी न हो और राशन वितरण व्यवस्था प्रभावित न हो। खाद्य एवं रसद विभाग के प्रमुख सचिव व आयुक्त रणवीर प्रसाद ने इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों, संभागीय खाद्य नियंत्रकों, संयुक्त आयुक्तों, उपायुक्तों तथा जिला पूर्ति अधिकारियों को पत्र जारी किया है। पत्र में केंद्र सरकार के निर्देशों का हवाला देते हुए कहा गया है कि अप्रैल से जून 2026 तक का राशन अग्रिम रूप से उठान कर लाभार्थियों में वितरण सुनिश्चित किया जाए। निर्देशों में यह भी स्पष्ट किया गया।

### विश्वनाथ मंदिर में महिला दिवस पर महिलाओं के लिए विशेष दर्शन व्यवस्था

**वाराणसी।** धार्मिक नगरी काशी में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के लिए विशेष दर्शन व्यवस्था की गई है। यह व्यवस्था आज प्रातध मंगला आरती से शुरू होकर रात्रि 11 बजे तक लगातार जारी रहेगी। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं के लिए दर्शन पथ एवं अन्य व्यवस्थाओं को विशेष रूप से सुगम बनाना है, ताकि इस विशिष्ट दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए महिला सम्मान एवं सामाजिक संवेदनशीलता को और बढ़ावा मिल सके। भारतीय परंपरा में नारी को सदैव शक्ति का स्वरूप माना गया है।

# 19 मार्च से ललिता घाट पर शुरू होगी भव्य गंगा आरती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ धाम के निर्माण के बाद काशी देश-विदेश के श्रद्धालुओं के लिए प्रमुख आध्यात्मिक पर्यटन केंद्र बन गई है। प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु और पर्यटक वाराणसी पहुंच रहे हैं, जिसके चलते दशाश्वमेध, अस्सी और नमो घाट पर होने वाली गंगा आरती में भारी भीड़ उमड़ रही है।

इसी को देखते हुए काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 19 मार्च से ललिता घाट पर भव्य गंगा आरती शुरू करने का निर्णय लिया है। हिदू नववर्ष के प्रथम दिन इसका शुभारंभ किया जाएगा। मंदिर न्यास के अनुसार ललिता घाट पर सात अर्चकों द्वारा प्रतिदिन शाम 6:45 बजे से लगभग 45 मिनट तक गंगा आरती की जाएगी। इस आरती के माध्यम से विश्वनाथ धाम आने वाले श्रद्धालु गंगा द्वार से ही गंगा आरती के दर्शन कर सकेंगे। इससे पहले सितम्बर 2025 में नमो घाट पर भी सात अर्चकों द्वारा गंगा आरती की शुरुआत की गई थी।

# महिला दिवस पर आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में महिला एथलेटिक्स लीग का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह रहीं।



उन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अंडर-18 वर्ग की 400 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ कराया। अपने संबोधान में उन्होंने उपस्थित महिला प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा कि ह्यह बात सच है कि महिलाओं के पास कठिनाइयां अधिाक हैं, लेकिन आगे बढ़ने के लिए दोगुनी ताकत से मेहनत करने की आवश्यकता होती है। आज के नए भारत में महिलाएं हर क्षेत्र में उच्च स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं, चाहे वो खेल हो या प्रतियोगी परीक्षाएं, बोर्ड परीक्षाएं उन्होंने महिला दिवस पर सभी महिलाओं को मजबूती से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया एवं शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर दौड़ की स्पर्धाएं विभिन्न आयु वर्गों में आयोजित की गईं। इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों के लिए मनोरंजक सामूहिक खेल रस्साकशी का भी आयोजन किया गया, जिसमें दो विजेता टीमों को प्रमाण-पत्र, टी-शर्ट एवं पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह, माय भारत प्रयागराज की उपनिदेशक जागृति पांडेय तथा क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार उपस्थित रहे। द्वारा किया गया।

# महिला दिवस पर 'लखनऊ दर्शन' बस से महिलाओं ने की खास सैर, किया ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को उत्तर प्रदेश स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कारपोरेशन द्वारा संचालित 'लखनऊ दर्शन' डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस में महिलाओं के लिए विशेष सैर का आयोजन किया गया। सैर के दौरान 60 से अधिक महिलाओं ने भाग लेकर शहर के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया।

इस विशेष यात्रा में डाक्टर, उद्यमी, प्राचार्य, सामाजिक कार्यकर्ता, इंजीनियर और गृहणियों सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिलाएं शामिल हुईं। रविवार सुबह करीब 8:30 बजे शुरू हुई यह यात्रा दोपहर लगभग 12 बजे संपन्न हुई। इस दौरान प्रतिभागियों ने विधानसभा भवन, रेजीडेंसी सहित शहर के कई ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। यात्रा के दौरान गाइड ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना उदा देवी की वीरता की कहानी भी सुनाई, जिसने महिलाओं को इतिहास के गौरवशाली अध्याय से रूबरू कराया। यात्रा में शामिल डा. अनन्या शर्मा ने कहा कि डाक्टर होने के कारण उनका अधिकांश समय अस्पताल की जिम्मेदारियों में बीत जाता है, लेकिन इस यात्रा ने उन्हें अपने शहर की खूबसूरती को करीब से देखने और कुछ सुकून के पल बिताने का अवसर दिया। वहीं प्रतिभागी कविता सिंह ने कहा कि इस अनुभव ने उन्हें नई ऊर्जा और उम्मीद दी। एएमयू एसोसिएशन की महासचिव शाला हक ने भी इस यात्रा को यादगार बताते हुए कहा कि गाइडेड टूर के दौरान लखनऊ के इतिहास और प्रमुख स्थलों से जुड़ी कई नई जानकारियां मिलीं। यात्रा को लेकर उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि यूपीएसटीडीसी की 'लखनऊ दर्शन' बस सेवा अब केवल पर्यटन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज को जोड़ने का एक माध्यम बन रही है।

# महिला थानाध्यक्ष को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पावन अवसर पर नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट (एनयूजे) के द्वारा सिविल लाइन महिला पुलिस थाना के इंस्पेक्टर और अन्य महिला पुलिस कर्मियों सम्मानित किया गया। यूनियन के मीडिया प्रभारी भानी केसरी ने बताया कि सिविल लाइंस महिला थानाधयक्ष वंदना पांडे को यूनियन का कैलेंडर भेंट किया गया।

इस अवसर पर संगठन के उपाधयक्ष संतोष सिंह सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।



# चाय की दुकान में आग से लाखों का नुकसान

## शार्ट सर्किट से लगी आग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। चाय की दुकान में भड़की आग ने आसपास की दुकानों को भी अपनी चपेट मे ले लिया।आग से लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। आग लगने से बाजार में भगड़ मच गई और दुकानें बंद कर जा चुके दुकानदार भी मौके पर आगे ।दमकल कर्मियों ने किसी तरह लोगों की मदद से आग पर काबू पाया।

मोहल्ला काजीजादा निवासी अनीस अहमद की बाजार गुजरी में चाय और समोसे को दुकान है।रविवार की रात करीब 9 बजे वह दुकान बंद कर घर चले गए। देर रात करीब 12 बजे उनकी दुकान से आग की लपटे उठने लगी धुआं निकलता देख वह से गुजर रहे लोग रुक गए। देखते ही देखते आग की लपटे तेज हो गई। और आसपास की।की दुकानों को अपनी चपेट मे ले लिया।ऊंची ऊंची लपटे ओर धुएं का गुब्बार दूर तक दिखने लगा ।इलाके में अफरातफरी मच गई स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना दमकल को दी।किसी तरह काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका लेकिन तब दोनों दुकानों में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो चुका था।आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हों सका। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की वजह माना जा रहा है रास्ता तंग होने के कारण दमकल को काफी परेशानी उठानी पड़ी और छोटी गाड़िया ही मौके पर पहुंच सकी।

# हाइवे पर अंनियत्रित होकर पलटा ट्रैक्टर

## चालक घायल, अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया**। कस्बे में रविवार सुबह एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। यह हादसा तब हुआ जब ट्रैक्टर एक डीसीएम को खींचकर ले जा रहा था, जिससे ट्रैक्टर चालक फारुख घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, जोया में एक डीसीएम कैंटर की सीएनजी खत्म हो गई थी, जिसके कारण वह आगे नहीं बढ़ पा रहा था। फारुख पुत्र हनीफ, निवासी इकबाल नगर, जोया अपने ट्रैक्टर से उस डीसीएम को खींचकर क्षेत्र के गांव नीलीखेड़ी स्थित सीएनजी पंप पर ले जा रहा था। जैसे ही वह पंप के नजदीक पहुंचा, ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और उसे डीसीएम से जोड़ने वाली जंजीर टूट गई। इसके बाद ट्रैक्टर अचानक पलट गया, जिससे चालक फारुख को चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही डिडौली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने हाईवे से पलटे हुए ट्रैक्टर को सीधा कराकर सड़क किनारे खड़ा किया। घायल फारुख को तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## गैस रिसाव होने से रसोई में लगी आग

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया**। गैस सिलेंडर के पाइप से रिसाव होने के कारण रसोई में आग लग गई। घटना में रसोई का सामान जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ घटना कस्बे के मोहल्ला मुल्लाना में शनिवार सुबह की है। सभासद मोहम्मद दानिश की मां महरोज जहां पानी गर्म करने के लिए रसोई तक गई थीं। इसी दौरान सिलेंडर के पाइप से गैस का रिसाव होने लगा और देखते ही देखते भड़की आग ने पूरे रसोई को अपनी चपेट में ले लिया। इसके बाद घर में अफरा-तफरी मच गई। परिवार के सदस्यों ने सिलेंडर को तुरंत बाहर निकालने पानी में भिगोकर लिहाफ से ढक दिया। तब कहीं आग पर काबू पाया जा सका। अग्निकांड में रसोई में रखा सामान जलकर राख हो गया। इस दौरान सिलेंडर फटने के शोर के बीच मोहल्ले में हड़कंप मचा रहा।

# गोवंश के अवशेष मिलने से हड़कम्प

## ढयोटी में ग्रामीणों ने लगाया जाम, काटा हंगागा, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं**। थाना क्षेत्र के गांव ढयोटी में उस समय हड़कंप मच गया जब ग्रामीणों को खेत के पास गोवंश पशु के अवशेष पड़े मिले। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता भी गांव पहुंच गए। अवशेष सड़क पर रखकर जाम लगा दिया जानकारी पर सीओ अंजलि कटारिया भी मौके पर पहुंच गई उन्होंने कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों को कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया।

गोकशी की घटना से ग्रामीणों ने गोवंश के अवशेष धनोरा-शेरपुर मार्ग पर रखकर जाम लगा दिया और गौकशी का आरोप लगाते हुए आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग करने लगे। जाम के कारण सड़क पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो गई।सूचना मिलने पर सीओ अंजलि कटारिया गजरौला थाना प्रभारी



मनोज कुमार, बछरायूँ थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप तोमर और धनौरा थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप तोमर ने बताया कि गोवंश के अवशेष मिले थे मामले में अजीत कुमार की तहरीर पर मुक. दमा दर्ज कर जांच की जा रही। प्रांत गोरक्षा प्रमुख बजरंग दल पश्चिम उत्तर प्रदेश हेमन्त सारस्वत ने कहा जिला अमरोहा के थाना बछरायूं मैं हुई गोकशी सीधी सीधी चेतावनी है काटकर और गांव के नजदीक फेंकना यह एक तरीके का माहौल बिगड़ने की कोशिश है हिंदू समाज इसको बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेगा की जिहादी जिस भाषा में समझेंगे उसी भाषा में समझाने का काम हिंदू समाज करेगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष अशोक सैनी, रकम सिंह, अखिलेश भाटी, अभिषेक, पियूष शर्मा, योगेश चौधरी, पियूष चौधरी, राजीव, देव, भूपेंद्र,कुल. वीर आदि मौजूद रहें।

# वकील के भतीजे के घायल होने पर हंगामा

## कोतवाली में एक दूसरे पर लगाए आरोप, दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। वकील के भतीजे के मामूली रूप से चोटिल होने पर दो पक्ष आमने-सामने हो गये। कोतवाली में एक दूसरे पर आरोप लगाते जमकर हंगामा काटा। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर एक दूसरे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कस्बे के मोहल्ला जोई निवासी रिजवान मलिक उर्फ लालू भैय्या की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक राशिद हत्याकांड में वह पीड़ित पक्ष की ओर से अधिवक्ता हैं। इसी कारण गांव के कुछ लोग उनसे रंजिश मान रहे हैं। आरोप है कि शनिवार शाम करीब साढ़े पांच बजे उनका सात वर्षीय भतीजा अंश मलिक दुकान से घर लौट रहा था। रास्ते में बाबू के बेटे अबुजर और अबुसैमा ने उससे पूछा कि वह वकील का बच्चा है या नहीं। अंश मलिक के हां कहने पर आरोपियों ने डंडे से उसके सिर पर हमला कर दिया। मामले में रिजवान मलिक के भाई अमजद अली शिकायत करने आरो. पियों के घर पहुंचे तो वहां मौजूद लोगों ने गाली-गलौज करते हुए उन्हें धकियाते हुए वहां से भगा दिया। कुछ देर बाद बाबू, उसके दोनों बेटे अबुजर, अबुसैमा, महताब, हाजी प्रधान समेत 10-15 लोग उनके घर आए और इन लोगों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पूरी घटना घर में लगे सीसी कैमरे में कैद हो गई। वहीं, दूसरे पक्ष की ओर से मोहम्मद फाजिल ने एफआईआर दर्ज कराई है। उनके मुताबिक शनिवार शाम करीब साढ़े पांच बजे वह जोया से घर लौट रहा था। रास्ते में जावेद, प्रिंस, रिजवान मलिक उर्फ लालू, असलम, राजन, जमश. ेद समेत कुछ अज्ञात लोगों ने रोक लिया। बेवजह गाली-गलौज करने लगे, विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। शोर सुनकर उसके चाचा महताब बीच-बचाव कराने पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। आरोप है कि इसी दौरान आरोपियों ने तमंचे से फायर किया, जिसमें वह बाल-बाल बच गया। घटना के बाद दोनों पक्षों के लोग डिडौली कोतवाली पहुंच गए और एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए वहां जमकर हंगामा किया। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बालियान ने बताया कि मोहम्मद फाजिल की तहरीर पर जावेद, प्रिंस, असलम, राजन, जमश. ेद, रिजवान मलिक उर्फ लालू व तीन-चार अज्ञात तथा वहीं रिजवान मलिक उर्फ लालू भैय्या की तहरीर पर अबूजर, अबुसैमा, महताब, बाबू, हाजी प्रधान और 10-15 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले में जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली 36 महिलाएं सम्मानित

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कलेक्ट्रेट में कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने उत्कृष्ठ कार्य करने वाली 36 महिला कार्मिकों को सम्मानित किया।

हसनपुर हसनपुर महेंद्र सिंह खड़ागवंशी ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी योग्यता साबित कर रही हैं। उन्होंने जोर दिया कि महिलाओं का सशक्तिकरण ही एक विकसित समाज की वास्तविक पहचान है। कहा कि आज महिलाओं को सुरक्षा के साथ सम्मान मिल रहा है। जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि आज हम उन सभी महिलाओं के सम्मान के रुप में मनाते हैं, जिन्होंने अपने साहस और मेहनत से दुनिया को बेहतर बनाया है। एक महिला मां, बहन, बेटी और पत्नी के रूप में हमारे जीवन का आधार होती है। इस दौरान उकृष्ठ कार्य करने वाली 36 महिला कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, ब्लॉक प्रमुख श्रीमती ममता गुर्जर, आभा दत्त, ज्ञान प्रकाश तिवारी, शिखा शर्मा आदि मौजूद रहे।



**अमरोहा। कलेक्ट्रेट में अपूर्वा सक्सैना को सम्मानित करते विधायक महेन्द्र सिंह व जिलाधिकारी निधि गुप्ता।**

# नौ प्रतिशत ब्याज से अदा करें क्लेम का भुगतान

## उपभोक्ता फोरम ने बीमा कम्पनी को दिया आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। क्लेम का दावा निरस्त करने वाली बीमा कंपनी को अब तीन लाख रुपये का भुगतान नौ प्रतिशत ब्याज से करना होगा। केस की सुनवाई के दौरान फोरम ने आर्थिक व मानसिक क्षतिपूर्ति के साथ ही वाद व्यय के रूप में 25 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है।

शहर के मोहल्ला मंडी चौब निवासी रविंद्र नाथ सक्सेना ने अपनी एक पालिसी को दूसरी बीमा कंपनी से पोर्ट कराकर 23 जनवरी 2022 से 22 जनवरी 2023 तक के लिए रिनिवल करा लिया था। पॉलिसी करते समय बीमा कंपनी ने उनकी पूर्व बीमारियों को भी कवर किया था। इसी दौरान 17 फरवरी 2022 को नहाते समय बाथरूम में पैर फिसलने के कारण रविंद्र नाथ सक्सेना गंभीर घायल हो गए। लिहाजा परिजनों ने उन्हें नोएडा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बीमा कंपनी ने शुरुआत में 30 हजार रुपये तक के कैशलेस इलाज का लेटर जारी किया, लेकिन बाद में निरस्त कर दिया। इसके बाद रविंद्र नाथ सक्सेना के बेटे ने 3,03,276 रुपये का भुगतान अस्पताल को किया। स्वस्थ होने के बाद रविंद नाथ ने क्लेम के लिए आवेदन किया तो बीमा कंपनी ने दावा निरस्त कर दिया। तर्क दिया कि बीमारी पॉलिसी शुरु होने से पूर्व की है और 2019 में हुई इस बीमारी को छिपाया गया है। मामले में रविंद्र नाथ सक्सेना ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की शरण ली थी। फोरम के अध्यक्ष रमाशंकर सिंह और महिला सदस्य मंजू रानी दीक्षित ने बीमा कंपनी के अधिकारियों को तलब करते हुए पॉलिसी का गहन अवलोकन किया। मामले में दोनों पक्षों को सुनने के बाद फोरम ने माना कि बीमा कंपनी द्वारा क्लेम निरस्त करना उसकी मनमानी को दर्शाता है। फोरम ने कहा कि पॉलिसी पोर्ट करने और रिनिवल करने के समय पीड़ित ने सभी आवश्यक दस्तावेज और पूर्व पालिसी की जानकारी कंपनी को दी थी। बावजूद इसके कंपनी ने क्लेम निरस्त किया, जो गलत है। मामले में उपभोक्ता फोरम ने बीमा कंपनी को इलाज में खर्च 3,03,276 रुपये केवी भुगतान नौ प्रतिशत ब्याज से करने का आदेश दिया। साथ ही मानसिक व आर्थिक क्षतिपूर्ति के रूप में 15 हजार तथा वाद व्यय के रूप में 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# विधायक ने खेली फूलों की होली

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। होली मिलन समारोह में विधायक राजीव तरारा ने पार्टी कार्यकर्ताओं व क्षेत्र के लोगों के साथ फूलों की होली खेली। इस दौरान उन्होंने अपने द्वारा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों से भी क्षेत्र के लोगों को रूबरू कराया।

नगर के धनौरा मार्ग स्थित एक वेंकट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि उन्होंने हमेशा जनता की सेवा के लिए राजनीति की है। क्षेत्र का विकास और जनता का सम्मान करना उनकी पहली प्राथमिकता है। कहा कि क्षेत्र में जिसने भी



गलत मंशा को लेकर काम किया है, उसके विरूद्ध उन्होंने हमेशा आवाज उठाई है। जनता के साथ किसी भी कीमत पर विश्वासघात नहीं होने दिया जाएगा। समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, पूर्व एमएलसी संजय मिश्रा, पूर्व विधायक तोताराम, पूर्व जिलाध्यक्ष ग्रीश त्यागी, पूरन सिंह सैनी, सुरेन्द्र सैनी, डॉ.सोरन सिंह, विजय पंवार, युद्धवीर सिंह, महेन्द्र प्रजापति, धर्मेन्द्र चौधरी उर्फ लालू, राजकुमार अग्रवाल, सुरेन्द्र औलख, सतपाल सिंह पाल, रोहित आर्य, कपिल भड़ाना, सोमप्रकाश, अंकुर नागर, रामकृष्ण चौहान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# युवक को लाठी-डंडों से पीटा, चार पर रिपोर्ट

## घर के बाहर बुलाने पर विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली**। थाना क्षेत्र के गांव में घर के बाहर जाने से मना करने पर दबंगों ने एक युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना क्षेत्र के गांव मथना रोड निवासी पीड़ित सुरेश पुत्र श्यामलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 4 मार्च की शाम वह अपने घर पर था। इसी दौरान गांव के ही चार युवक उसे अपने साथ बाहर चलने को कहने लगे। सुरेश द्वारा मना करने पर आरोपियों ने उसे भद्दी भद्दी गालियां दीं। विरोध करने पर हमलावरों ने लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी, जिससे सुरेश के सिर, मुंह और नाक पर गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर आए ग्रामीणों ने उसे बचाया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। थाना प्रभारी विकास शेरावत ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर आनंद नीतू जयप्रकाश व पंकज के खिलाफ सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। मामले की जांच कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# शक्तिशाली राष्ट्र की कल्पना महिलाओं के बिना अधूरी

## महिला दिवस पर गोष्ठी आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। सिंह वैलनेस सेंटर में महिला सशक्तिकरण दिवस पर अंबेडकर विकास मंच के तत्वाधान में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

शनिवार को पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कमलेश आर्य ने कहा की देश में संविधान लागू होने के बाद महिलाओं की शिक्षा में भागीदारी के बाद उन्हें सशक्त होने का मौका मिला है। महिलाएं शिक्षा के माध्यम से हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। श्रीमती कमलेश आर्य ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने में परिवार का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसलिए हर हालत में सभी को आज देश की आधी



आबादी को दरकिनार करके हम सशक्त उन्नत एवं शक्तिशाली राष्ट्र की कल्पना नहीं कर सकते हैं। ग्राम प्रधान मीनू रानी एवं चंचल सागर ने कहा महिलाएं सशक्त शासक और प्रशासक के रूप में भी अपनी सेवाएं देश में देने का काम कर रही है। महिलाओं को कानूनी रूप से भी जागरूक होने की आवश्यकता है।हमारे देश में विभिन्न क्षेत्रों में महिलाएं देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। हमारी सरकारें भी महिलाओं को विशेष संरक्षण प्रोत्साहन एवं सशक्त बनाने की बात व पहल कर रही है। इस अवसर पर सुषमा रानी गीता देवी बबीता रानी जग रोशनी गंगावती मास्टर जयवीर सिंह मास्टर छोटेलाल और प्रधानाचार्य मास्टर जगत सिंह मास्टर रामपाल सिंह फतेहचंद जी जगदीश कुमार बुरावली वाले सुशील भगत जी विनय प्रताप भोला सिंह पप्पू बृज किशोर और बिरजू एडवोकेट अमित सिंह टाटा प्रशांत कुमार आदि उपस्थित रहे।

























## पंचायत मजबूती से लड़ेगी सुभासपा



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। सुभासपा की बैठक में पंचायत चुनाव मजबूती के साथ लड़ने का संकल्प लिया गया। रविवार को गाँव बिकनी में डॉ. जगत सिंह गुर्जर के आवास पर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की बैठक आयोजित हुई। इसमें आगामी पंचायत चुनाव को लेकर चर्चा की गई। बैठक के बाद कार्यकर्ताओं ने फूलों की होली खेलकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और गांव-गांव बैठकें कर पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। मंडल सचिव मोहम्मद यूनूस सैफी प्रधान ने कहा कि पंचायतें लोकतंत्र की नींव हैं, इसलिए सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी प्रत्याशियों को विजयी बनाने का संकल्प लें। इस दौरान कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

